राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–242/2023

बच्चों के ओरल हेल्थ पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है– राज्यपाल

पटना, 09 सितम्बर, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने इंडियन डेन्टल एसोसिएशन के सेन्ट्रल काउन्सिल की पटना में आयोजित दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के ओरल हेल्थ पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए विद्यालयों में उनके दाँतों का नियमित जाँच किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह विषय एसोसिएशन की प्राथमिकता में होना चाहिए।

राज्यपाल ने अच्छे व्यक्ति के निर्माण की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि एक अच्छा इंसान हमेशा अच्छा और समाजपयोगी कार्य करता है, चाहे वह किसी भी पेशे से संबंध रखता हो। उन्होंने दंत चिकित्सकों से जरूरतमंद मरीजों की चिकित्सा करने को कहा। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि चिकित्सकगण अपने देश में रहकर रोगियों की सेवा कर रहे हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने दंत चिकित्सकों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम में इंडियन डेन्टल एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० राजीव कुमार चुग, राष्ट्रीय महासचिव डॉ० अशोक धोबले, प्रदेश अध्यक्ष डॉ० श्रीप्रकाश कुमार, प्रदेश सचिव डॉ० कुमार मानवेन्द्र, देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए केन्द्रीय परिषद् के सदस्यगण, दंत चिकित्सकगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....